संपादकीय

महात्मागांधी और आधुनिक संस्कृत साहित्य

भारत महापुरुषों का देश है। यहाँ पर मानव क्या ईश्वर भी अवतरित हुए हैं ,राम और कृष्ण को हमारी परम्परा में ईश्वर माना जाता है।इसी तरह चाणक्य ,चन्द्रगुप्त , महाराणा प्रताप ,गुरुगोविन्द सिंह , महात्मा गांधी, सुभाषचन्द्र बोस सरदार बल्लभभाई पटेल बालगंगाधर तिलक आदि लोकनायक महापुरुष भी अवतरित हुए हैं जिनके पराक्रम ,पौरुष .त्याग और समर्पण से राष्ट्र का मस्तक सदैव गौरवान्वित होता रहता है।ऐसे ही महापुरुष महात्मा गांधी भी हैं ,जिन्हें राष्ट्रीय प्रतीक पुरुष के रूप में जाना जाता है।महात्मा गांधी का मूल नाम मोहनदासकर्मचंद गांधी था। जिनका जन्म 02 अक्त ूबर 1869 ई.में गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान में हुआ था।महात्मा गांधी के पिता का नाम कर्मचंद गांधी तथा माता का नाम श्रीमति पुतली बाई था। गांधीजी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि सम्पन्न और अधिकार के प्रति सदा सचेत रहने वाले महामानव थे।भारतीय समाज एवं संस्कृति की गंभीर समझ उन्हें युवावस्था में प्राप्त हो गयी थी।उन्हें राष्ट्र और राष्ट्रीय समस्याओं की बहुत चिंता थी।जिसके समाधान के लिए वे सर्व प्रथम अध्ययन किये ,उनका मानना था कि अध्ययन ही सभी समस्याओं के निराकण का साधन है।इसलिए महात्मा गांधी आजीवन सबके लिए शिक्षा को अनिवार्य मानते थे। वे कहते थे कि शिक्षा सबको सर्व सुलभ होनी चाहिए। यद्यपि महात्मा गांधी का विवाह कस्तूरबा बाई मनक से 1883 ई.में ही हो गया था लेकिन मन में बैठे राष्ट्रीयप्रेम की भवना , स्वतंत्रता की भावना और उच्च अध्ययन की अभिलाषा की पूर्ति में कोई व्यवधान कभी नहीं आया बल्कि वे भी अहर्निश महात्मा गांधी की सहगामी होकर एक साथ कदम मिलकर चलने वाली महिला थी। महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनेता एवं सुधारवादी चिन्तक के साथ - साथ वैश्विक समस्याओं के समाधान के प्रति प्रय शील रहने वाले व्यक्ति थे। दक्षिण अफ्रीका इस बात का प्रमाण है। महात्मा गांधी के मन में भारत की दुर्दशा,बेरोजगारी ,स्वास्थ्य ,पर्यावरण और संस्कृति के उन्नयन की बेजोड़ कमाना थी। उन्होंने सविनय ,सत्याग्रह ,भारत छोडो आन्दोलनों द्वारा देश में ऐसी राष्ट्रीय भावना को जागृत किया जिससे भारत को स्वतंत्रता मिली।उनका मानना था प्रत्येक व्यक्ति या राष्ट्र की स्वतंत्रता उसका अधिकार है।किसी के लिए भी दासता या परतंत्रता अभिशाप है।महात्मा गांधी के कार्य ,सहस और धैर्य के कारण उन्हें कालिदास ,महात्मा ,बापू (पिता),राष्ट्रपिता आदि नामों से उन्हें संबोधित किया जाता है।उनके जन्म दिवस 2 अक्त ूबर को गांधी जयंती और अंतराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।महात्मा गांधी को एक राजनीतिज्ञ,अधिवक्त ा ,पत्रकार ,दार्शनिक ,निबंधकार ,संस्मरण लेखक तथा क्रन्तिकारी लेखक के रूप में याद किया जाता है।उन्होंने अनेक पुस्तकों का प्रणयन भी किया है। जिनमें से कुछ प्रमुख है सत्य के प्रयोग ,हिन्दस्वराज , दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास ,गांधी की आत्म कथा ,मेरे स्वप्नों का भारत सर्वोदय , गीता माता , ग्रामस्वराज, रामनाम ,महात्मा गांधी के विचार ,कुदरती उपचार ,आरोग्य की कुंजी ,सच्चाई भगवान है और सांप्रदायिक सद्भावना आदि।महात्मा गांधी के दो अस्त्र बहुत प्रसिद्द हैं सत्य और अहिंसा ,इन्ही दो वैचारिक अस्त्रों से वे देश को आजादी दिलाये। ऐसे महान विचारक ,स्वतंत्रता सेनानी ,लेखक तथा समाजसुधारक की दुर्भाग्य बस 30 जनवरी 1948 को मृत्यु हो गयी। महात्मा गांधी के मृत्योपरांत उन पर अनेक भारतीय तथा विदेशी भाषाओँ में और अधिक ग्रन्थ लिखे जाने लगे। उनके मूल्य , जीवन- दर्शन ,आदर्श ,स्वतंत्रता आन्दोलन के कार्य को ,इतिहास आदि के ग्रंथों के साथ साथ साहित्य में भी साहित्यकारों ने गढ़ना प्रारम्भ कर दिया। जिसमे संस्कृत भी बढ़- चढ़कर सहगामी बनी क्योंकि संस्कृत का इतिहास साक्षी है।उसका तो ध्येय ही आदर्श चरित निर्माण है।उसी की पूर्ति में राम , कृष्ण भीष्म ,सीता ,कुंती ,द्रोपदी चन्द्रगुप्त आदि के साथ महात्मा गांधी जैसे महनीय व्यक्ति त्व से आधुनिक संस्कृत आलोकित है।

- डा. संजय कुमार

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 'आत्मनिर्भर भारत' पर होगा केंद्रित

नई दिल्ली। भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) का 40वां संस्करण आत्मनिर्भर भारत पर केंद्रित होगा जहां, अर्थव्यवस्था, निर्यात क्षमता, अवसंरचना आपूर्ति श्रृंखला, मांग तथा विविधतापूर्ण जनसांख्यिकी को प्रदर्शित किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना से प्रेरित होकर यह आयोजन 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अभिन्न अंग के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जो नवंबर 14 से 27, 2021 तक नई दिल्ली प्रगति मैदान के नवीन निर्मित हॉलों में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी)

तथा मौजूदा हॉलों में भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। यह मेला व्यापारी समाज के अनंत साहस को भी दर्शाता है, जिन्होंने महामारी के दौरान भयावह चुनौतियों का सामना किया।

आईआईटीएफ बी2बी एवं बी2सी संघटकों सहित दक्षिण एशियाई क्षेत्र के विशाल व्यापार मेलों में से एक है। आईआईटीएफ के प्रारूप में व्यापार, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक डायमेंशन शामिल हैं, जहां आगंतुक, प्रदर्शनीकर्ता, मीडियाकर्मी, विपणन पेशेवर, सामाजिक कार्यकर्ता, एनजीओ आदि अपने उद्देश्यों के अन्वेषण के लिए अभिमुख होते हैं। इस मेले द्वारा देशी और विदेशी ग्राहक अपनी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। कई सरकारी संस्थाएं जनता के बीच अपने कार्यक्रमों एवं नीतियों के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए इस मंच का उपयोग करते हैं। इसी प्रकार से, भारत की संघीय सरकार के लगभग सभी राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश इस मेगा आयोजन में भाग लेते हैं, जो 'मिनी-भारत' की तस्वीर को दर्शाता है।

व्यापार एवं उद्योग संबंधी संगोष्ठी एवं सम्मेलनों के अतिरिक्त, यह मेला, मेला परिसर के स्ट्रेटेजिक स्थानों पर लगायी गई बड़ी एलईडी स्क्रीनों पर ब्रांडिंग का अवसर देता है। भुगतान आधार पर प्रगति मैदान में निर्दिष्ट स्थानों पर ब्रांडिंग साइट्स की उपलब्धता है। इसके अतिरिक्त, मुख्य आकर्षण एवं प्रचार संबंधी सुविधाओं में मोबाइल एप्लीकेशन, निवेश तथा संयुक्त उद्यम अवसर, तकनीकी विकल्प का हस्तांतरण, स्टार्टअप एवं एसएमई सांस्कृतिक और राज्य दिवस समारोह शामिल हैं।

महंगाई की मार, एक दिन में ही 9 रुपए बढ़ा पेट्रोल का दाम- 127 रुपए तक पहुंचा

इस्लामाबाद । भारत की नहीं, बल्कि पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें आसमान छू रही हैं। पाकिस्तान में एक दिन में इनकी कीमतों में 4 से 9 रुपए का इजाफा कर दिया है। इस समय पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 127 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई है, लेकिन इमरान खान सरकार इस पर चिंता जताने के बजाय जनता को ऐसे अजीबो-गरीब तर्क दे रही है जो उसके गले नहीं उतर रहे हैं। पाकिस्तान वित्त मंत्री शौकत तारिन ने कहा कि पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतें इस क्षेत्र के दूसरे देशों जैसे भारत और बांग्लादेश से कम हैं। इमरान सरकार ने एक दिन में पेट्रोल के दामों में 4 रुपए और डीजल की कीमत 9 रुपए के करीब बढ़ा दी है, वहीं, केरोसीन 7 रुपए तक महंगा हुआ है। हाई स्पीड डीजल भी 2 रुपए/लीटर महंगा हो गया। शौकत तारिन ने कहा कि दुनिया में सिर्फ 16 देश हैं, जहां पेट्रोल की कीमतें कम हैं। ये सभी देश तेल उत्पादक हैं। उनका अपना तेल है। हमारे यहां इस क्षेत्र में और दुनिया में सबसे ज्यादा सस्ता तेल है। इससे ज्यादा सस्ता कैसे मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर सरकार पेट्रोल के दाम घटाती है तो उसे घाटा अपनी जेब से पूरा करना होगा। पेट्रोलियम पर लगने वाले कर को 2018 के 30 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 2 से 3 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।

संडकैन, निसंका समेत पांच श्रीलंकाई खिलाड़ी टी-20 विश्व कप टीम में शामिल

कोलम्बो । पथुम निसंका, मिनोद भानुका, अशेन बंडारा, लक्षण संडकैन और रमेश मेंडिस को आगामी टी-20 विश्व कप के लिए श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है, जबकि टूटी हुई कॉलरबोन से समय पर उबरने में विफल रहने के बाद लाहिरू मदुशंका को पहले घोषित हुई टीम से बाहर कर दिया गया है। उन्हें दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ सीरीज़ में यह चोट लगी थी।

संडकैन के नाम 20 टी-20 मैच हैं, जबकि अन्य चार ने संयुक्त तौर पर 15 मैच खेले हैं। यह भी संभावना बहुत कम है कि इनमें से कोई भी श्रीलंका की शुरुआती एकादश में जगह बना पाएगा, हालांकि ये सभी चोटिल हुए खिलाड़ियों की जगह शामिल किए गए हैं। संडकैन टीम में चार विशेषज्ञ स्पिनरों में से एक होंगे। उनके साथ वनिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना और प्रवीण जयविक्रमा रहेंगे।

श्रीलंका अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत नामीबिया, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ क्वालीफ़ायर के साथ करेगी। इससे पहले वे ओमान के ख़िलाफ़ सात और नौ अक्टूबर को दो टी-20 भी खेलेंगे। टीम तीन अक्टूबर को ओमान के लिए उड़ान भरेगी।

15 तारीख से बदल जाएगा कई स्पेशल ट्रेनों का रूट

नई दिल्ली। पूर्व मध्य रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 03225/03226 जयनगर-राजेंद्रनगर स्पेशल ट्रेन और गाड़ी संख्या 03227/03228 सहरसा-राजेंद्रनगर स्पेशल ट्रेन दो अलग-अलग गाड़ियों के रूप में चलाने का निर्णय लिया है। अभी तक दोनों ट्रेनें जयनगर और सहरसा से चलने के बाद बरौनी स्टेशन पर मिलकर एक हो जाती हैं। वहीं, राजेंद्रनगर से एक गाड़ी बनकर चलती है जो बरौनी में अलग-अलग होकर जयनगर एवं सहरसा के लिए प्रस्थान करती है। रेलवे के मुताबिक 15 अक्टूबर 2021 से इन दोनों रेलगाड़ियों को दो अलग-अलग ट्रेनों के रूप में चलाया जाएगा। - गाड़ी संख्या 03654 दानापुर-जयनगर स्पेशल ट्रेन

यह ट्रेन 15 अक्टूबर से अगले आदेश तक (प्रत्येक रविवार को छोड़कर) दानापुर से 06.50 बजे प्रस्थान करेगी. जो पाटलीपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, भगवानपुर, मुजफ्फरपुर, ढ़ोली, खुदीरामबोस पुसा, समस्तीपुर, रामभद्रपुर, हायाघाट, लहेरियासराय, दरभंगा, सकरी, मधुबनी, राजनगर, खजौली होते हुए 14.45 बजे जयनगर पहुंचेगी। - गाड़ी संख्या 03653 जयनगर-दानापुर स्पेशल ट्रेन

यह गाड़ी 15 अक्टूबर से अगले आदेश तक(प्रत्येक रविवार को छोड़कर) जयनगर से 10.50 बजे प्रस्थान करेगी. जो खजौली , राजनगर, मधुबनी, सकरी, दरभंगा, लहेरियासराय, हायाघाट, रामभद्रपुर, समस्तीपुर, खुदीरामबोस पुसा, ढ़ोली, मुजफ्फरपुर ,भगवानपुर, हाजीपुर, सोनपुर, पाटलीपुत्रा होते हुए 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी।

- गाड़ी संख्या 03228 राजेंद्रनगर-सहरसा स्पेशल ट्रेन

यह गाड़ी 15 अक्टूबर से अगले आदेश तक (प्रत्येक रविवार को छोड़कर) राजेंद्रनगर से 07.15 बजे प्रस्थान करेगी. जो फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, बरौनी, बेगुसराय, साहेबपुर कमाल, खगड़िया, मानसी, बदलाघाट, कोपरिया, सिमरी बख्तियारपुर होते हुए 13.30 बजे सहरसा पहुंचेगी।

- - गाड़ी संख्या 03227 सहरसा-राजेंद्रनगर स्पेशल ट्रेन

यह गाड़ी 15 अक्टूबर से अगले आदेश तक (प्रत्येक रविवार को छोड़कर) सहरसा से 12.20 बजे प्रस्थान करेगी. जो सिमरी बख्तियारपुर, कोपरिया, बदलाघाट, मानसी, खगड़िया, साहेबपुर कमाल, बेगुसराय, बरौनी, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, फतुहा होते हुए 19.30 बजे राजेंद्रनगर पहुंचेगी।

निर्यात 21.35 प्रतिशत बढ़कर 33.44 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली। कोरोना महामारी के झटके के बावजूद गैर पेट्रोलियम और गैर रत्न-आभूषण के कारोबार में जबरदस्त तेजी आने से इस वर्ष सितंबर में देश का निर्यात 21.35 प्रतिशत बढ़कर 33.44 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2021 में देश से 33.44 अरब डॉलर का निर्यात किया गया, जों सितंबर 2020 के 27.56 अरब डॉलर के निर्यात से 21.35 प्रतिशत अधिक है। हालांकि इस अवधि में देश का आयात 30.52 अरब डॉलर से 84.75 प्रतिशत बढ़कर 56.38 अरब डॉलर हो गया। इससे आलोच्य अवधि में व्यापार घाटा 2.96 अरब डॉलर से 675.17 प्रतिशत की छलांग लगाकर बढ़कर 22.94 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021 की अप्रैल-सितंबर छमाही में देश से 197.11 करोड़ डॉलर का निर्यात किया गया जो इसके पिछले वर्ष की समान अवधि के 125.61 अरब डॉलर के मुकाबले 56.92 प्रतिशत अधिक है। आलोच्य अवधि में आयात 151.31 अरब डॉलर से 82.36 प्रतिशत बढ़कर 275.92 अरब डॉलर हो गया। इससे व्यापार घाटा 206.68 प्रतिशत उछलकर 78.81 अरब डॉलर रहा। भारतीय निर्यातकों का संघ फियो के अध्यक्ष डॉ. ए. शक्तिवेल ने कहा कि सितंबर महीने का व्यापार आंकड़ा चालू वित्त वर्ष में 400 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेज गति से बढ़ने का संकेत है।

फीबा महिला बास्केटबॉल विश्व कप 2022 के क्वालीफायर्स घोषित

सिडनी । जॉर्डन के अम्मान में जारी फीबा (अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ) महिला एशिया कप के सेमीफाइनल चरण की शुरुआत के बीच फीबा महिला बास्केटबॉल विश्व कप 2022 के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 16 टीमों की पुष्टि हो गई है।

एशियाई महीद्वीप से ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया ने मौजूदा एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद अगले साल फरवरी में होने वाले महिला बास्केटबॉल विश्व कप 2022 के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की है। वहीं नाइजीरिया और माली ने भी एफआईबीए महिला एफ्रोबास्केट फाइनल में प्रवेश करते हुए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में स्थान सुनिश्चित किया है।

चार एशियाई और दो अफ्रीकी टीमों के अलावा महिला विश्व कप 2022 क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में फीबा महिला अमेरीकप की शीर्ष चार टीमें और फीबा महिला यूरोबास्केट की शीर्ष छह टीमें भी शामिल होंगी। ये दोनों टूर्नामेंट जून में आयोजित किए गए थे। अमेरिका, प्यूर्टो रिको, ब्राजील और कनाडा अमेरिका का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि सर्बिया, फ्रांस, बेल्जियम, बेलारूस, बोस्निया एवं हर्जेगोविना और रूस यूरोपीय प्रतिभागी होंगे।

महिला विश्व कप 2022 क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 10 से 13 फरवरी 2022 के बीच होगा। चार टूर्नामेंटों में चार टीमें होंगी और प्रत्येक टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमें महिला बास्केटबॉल विश्व कप में अपना स्थान सुनिश्चित करेंगी। महिला विश्व कप 2022 के मेजबान ऑस्ट्रेलिया और टोक्यो ओलंपिक विजेता अमेरिका ने सीधे क्वालीफाई किया है, जिसका मतलब है कि दो अन्य सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए आगे बढ़ेंगी।

अजय की मेडे अगले साल ईद पर सिनेमाघरों में होगी रिलीज

महाराष्ट्र में सिनेमाघरों को खोलने की इजाजत मिलने के बाद एक के बाद एक कई बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट घोषित की गई है। लगता है जैसे मेकर्स को महाराष्ट्र में थिएटर के खुलने का ही इंतजार था। इसी कड़ी में बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म मेडे की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। अजय की यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म के मुख्य कलाकार अजय ने अपने ट्विटर हैंडल पर जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, महाराष्ट्र में सिनेमाघरों के खुलने की खबर की प्रतीक्षा लंबे समय से चल रही थी। अब अक्टूबर से महाराष्ट्र में सिनेमाघर खुलेंगे। जैसा कि पहले वादा किया गया था कि मेरे द्वारा निर्मित और निर्देशित थ्रिलर ड्रामा फिल्म मेडे 29 अप्रैल, 2022 को रिलीज होगी। फिल्म में अमिताभ बच्चन, रकुल प्रीत सिंह और मैं लीड रोल में हूं।

अजय ने अपने पोस्ट में अमिताभ, रकुल प्रीत और अपनी तस्वीर शेयर की है। रिलीज डेट की घोषणा करते ही अजय को सोशल मीडिया पर ढेर सारी बधाइयां मिल रही हैं। इस फिल्म के जरिए अजय निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने इससे पहले 2016 में आई फिल्म शिवाय का निर्देशन किया था। अजय फिल्म के को-प्रोड्यूसर भी हैं। फिल्म का निर्माण अजय की प्रोडक्शन कंपनी अजय देवगन फिल्म्स के सौजन्य से किया जा

'बिग बॉस 15': शो पर नज़र आएंगी सिंगर अकासा सिंह

'नागिन' और 'खीच मेरी फोटो' जैसे गानों के लिए मशहूर सिंगर अकासा सिंह बतौर कंटेस्टेंट 'बिग बॉस 15' में एंट्री करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अकासा की टीम के खबर के मुताबिक उनका शो में कंटेस्टेंट के तौर पर दिखना कन्फर्म हो चुका है।

बीबी 15 के लिए अब तक कई सेलिब्रिटी के नाम सामने आ चुके हैं। जबकि बिग बॉस 15 के कंटेस्टेंट की लिस्ट अबतक पूरी तरह से सामने नहीं आई है। प्रतीक सहेजपाल शो के कन्फर्म सदस्य हैं। इसके अलावा यह अनुमान लगाया गया है कि शमिता शेट्टी,

निशांत भट, डोनल बिष्ट, उमर रियाज, करण कुंद्रा जैसी टीवी और फिल्मी हस्तियां टीना दत्ता, सिम्बा नागपाल, रीम शेख, निधि भानुशाली, अफसाना खान, तेजस्विनी प्रकाश और अन्य शो का हिस्सा होंगे।

कोंट्रोवर्सियल रियलिटी शो के 15वें सीजन को बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान होस्ट कर रहे हैं।

आज का राशिफल

मेषः आज के दिन में आपको सावधानी बरतने की सलाह है, क्योंकि आज आप अधिक संवेदनशील और भावनात्मक होंगे। विद्योपार्जन करने वालों के लिए दिन मध्यम फलदायी है।

वृषभ : आज आपकी चिंताएं कम होंगी और उत्साह बढ़ेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। आज आप अधिक संवेदनशीलता और भावुकता का अनुभव करेंगे।

मिथुनः आज आप थकान, व्यग्रता एवं प्रसन्नता का मिलाजुला अनुभव करेंगे। निर्धारित कार्यों को पूर्ण कर सकेंगे। शुभेच्छकों तथा मित्रों से मुलाकात का प्रसंग बन सकता है।

कर्क : आज आपका दिन हर प्रकार से आनंदित रहेगा। तन और मन दोनों दृष्टि से आप स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। प्रवास एवं खान-पान का सुंदर आयोजन करेंगे।

सिंह : आज आपको अपनी संवेदनशीलता पर नियंत्रण रखने की सलाह देते हैं। आरोग्य से सम्बंधित विषय में आप चिंतित रहेंगे।

कन्या : आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा। विविध क्षेत्रों से यश, कीर्ति तथा लाभ प्राप्त होगा। धनप्राप्ति के लिए आज का दिन शुभ है। विशेषकर स्त्री मित्रों से लाभ होने के संकेत हैं।

तुला : आज का दिन शुभफलदायी रहेगा। आपके घर तथा कार्यालय में सानुकूल वातावरण रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति के अवसर उपस्थित होंगे।

वृश्चिक : आज आप शारीरिक थकान, आलस्य और मानसिक चिंता की अनुभूति करेंगे। व्यवसाय में बाधा खड़ी होगी।

धनु : आज कोई भी नए काम एवं व्याधियों के उपचार का प्रारंभ न करें। अत्यंत संवेदनशीलता के कारण आपकी मानसिक स्थिति व्याकुल रहेगी।

मकरः विविध कारणों से आपके व्यापार का विस्तृतीकरण होगा और उसमें वृद्धि आएगी। दलाली, कमरशन, ब्याज आदि स्रोतों से आय बढ़ेगी।

कुंभ : कार्य की सफलता के लिए आज शुभ दिन है। आज किए गए कार्यों की वजह से आप यशस्वी बनेंगे तथा आप की कीर्ति में वृद्धि होगी।

मीन : आज आप काल्पनिक दुनिया में विचरण करेंगे। विद्योपार्जन करने वाले अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

पकौड़ा मिक्स वेज

लंच में प्रॉपर दाल, चावल, रोटी-सब्जी बनाने का मन नहीं तो बस तैयारी करें पकौड़ा मिक्स वेज बनाने की, जिसे सर्व करें गरमागरम जीरा राइस के साथ।

सामग्री :

ग्रेवी के लिए- एक टीस्पून जिंजर-गार्लिक पेस्ट, एक पैकेट टोमैटो प्यूरी, एक प्याज, एक चौथाई चम्मच हल्दी पाउडर, आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, आधा चम्मच गरम मसाला, नमक स्वादानुसार, एक टीस्पून कटी हरी धनिया, आधा टीस्पून जीरा, रिफाइंड तेल

पकौड़े के लिए- डेढ़ कप बेसन, एक आलू, एक प्याज, 4-5 पालक की पत्तियां, नमक स्वादानुसार, एक चुटकी सोडा बाइकार्बोनेट, रिफाइंड ऑयल

विधि :

पकौड़े बनाने के लिए- बेसन, नमक और सोडियम बाइकार्बोनेट पानी डालकर फेंटें और बैटर तैयार कर लें। अब कटा हुआ आलू, प्याज और पालक बैटर में डाल दें। इस मिश्रण के पकौड़े तल लें।

ग्रेवी बनाने के लिए- कड़ाही में एक टीस्पून ऑयल या घी गर्म करें। अब इसमें जीरा और प्याज डालकर तब तक सांते करें जब तक यह गोल्डन ब्राउन कलर का न हो जाए। इसके बाद इसमें जिंजर-गार्लिक पेस्ट डालकर फ्राई करें। फिर इसमें टोमैटो प्यूरी, लाल मिर्च, हरी मिर्च, गरम मसाला और नमक डालें और तब तक फ्राई करें जब तक मसाला तेल न छोड़ने लगे। इसके बाद इसमें एक कप पानी डाल कर इसे उबाल लें। अब इसे आंच से उतार लें और इसमें पकौड़े डाल दें। कटी हुई हरी धनिया से गार्निशिंग कर गर्म चपाती या पराठे के साथ सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 219

बाएं से दाएं
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 218 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू-दोकू- 219

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.218 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6